दिन– गुरूवार दिनांक– 04 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – प्रदेश में माफिया राज की होगी समाप्ति। भ्रष्टाचार को लेकर जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस की नीति।

02. राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – कानून के राज से नहीं होगा कोई समझौता।

03. जदयू के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव आज सर्वसम्मति से विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी। अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आने की संभावना।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। श्री चौधरी विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की ओर से उत्तर दे रहे थे।

–––बाइट–––

इससे पहले, धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वर्ष दो हजार पांच से प्रदेश में कानून का राज कायम है। उनकी सरकार का प्रमुख उद्देश्य सुशासन के साथ विकास है।

–––बाइट–––

श्री कुमार ने कहा कि प्रदेश में अगले पांच वर्षों के दौरान एक करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। श्री कुमार ने बिहार के विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया।

–––बाइट–––

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सुशासन की सरकार सब का साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम करेगी।

–––बाइट–––

संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने चर्चा के दौरान कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से बिहार को विकसित राज्य बनाने का सपना पूरा होगा।

———बाइट———

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राजू तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वर्ष दो हजार पांच से लगातार लोकप्रियता के शिखर पर हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून का राज कायम है।

———बाइट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा की ज्योति देवी ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण बिहार के विकास को नई दिशा देने वाला है।

———बाइट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के माधव आनंद ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष दो हजार पांच के बाद व्यापक परिवर्तन हुआ है और बिहार को लेकर जारी अवधारणा पूरी तरह बदल गयी है।

———बाइट———

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए राष्ट्रीय जनता दल के कुमार सर्वजीत ने अतिक्रमण के नाम पर गरीबों के घर गिराने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार के रवैये को लेकर सड़क पर उतरेगी।

———बाइट———

कांग्रेस के मनोहर प्रसाद सिंह ने कहा कि गरीबों के घर, बिना वैकल्पिक व्यवस्था के उजाड़े जा रहे हैं।

———बाइट———

सीपीएम के अजय कुमार ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि अतिक्रमण के नाम पर गरीबों का घर उजाड़ा जा रहा है, जो काफी गंभीर मामला है।

———बाइट———

एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में सीमांचल की चर्चा नहीं की गयी है, जो इस क्षेत्र के प्रति सरकार की उपेक्षा को दिखाता है।

———बाइट———

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की अनुपस्थिति के बीच विपक्ष द्वारा राज्यपाल के अभिभाषण में पेश किये गए संशोधन के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया और धन्यवाद प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। इधर, विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की ओर से जवाब दिया। संशोधन प्रस्ताव पर बोलने का मौका नहीं दिये जाने पर विपक्ष सदन से वॉकआउट कर गया। मुख्यमंत्री के जवाब के बाद सदन ने संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया। वहीं, धन्यवाद प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव को आज सर्वसम्मति से विधानसभा का उपाध्यक्ष चुना गया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्री यादव के विधानसभा उपाध्यक्ष बनाए जाने के लिए सदन के समक्ष प्रस्ताव रखा। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। विधानसभा सदस्यों से प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति के बाद विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने नरेंद्र नारायण यादव के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा की।

———बाइट———

---

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सौ दिन के गहन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला और बाल विकास मंत्री ने कहा कि सरकार ने दो हजार तीस तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि समाज, समुदाय और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से यह लक्ष्य हासिल किया जाएगा।

———बाइट———

हमारी संवेदनशील नीतियों और समुचित अवसरों ने उन्हें अटूट विश्वास दिया है कि आज हर बेटी की आवाज गूंज रही है। मुझे पढ़ना है, मुझे बढ़ना है और मुझे खुशी है कि सरकार, समाज और परिवार सभी मिलकर इस आवाज को मजबूत कर रहे हैं और यह शुभ संकेत है। हमें और अधिक दृढ़ता के साथ बेटियों के हित में काम करने के लिए प्रेरित कर रहा है और यह हमारे लिए बड़ी खुशखबरी है कि छत्तीसगढ़ का सूरजपुर जिला बाल विवाह मुक्त जिला बन गया है।

इधर, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा की संभावित तिथि जारी कर दी है। परीक्षा का आयोजन दस, ग्यारह, बारह, तेरह, पंद्रह और सोलह जनवरी को होना संभावित है। आयोग ने कहा है कि जो अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाये हैं वे पांच से बारह दिसम्बर तक आवेदन भी कर सकते हैं।

---

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल आज शाम समाप्त हो गयी। स्वास्थ्य सचिव की ओर से चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक कमिटी के गठन का आश्वासन मिलने के बाद चिकित्सकों के संघ ने काम पर वापस लौटने का फैसला किया।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेशभर के न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आने की संभावना है।

---

खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र में जिला प्रशासन की गाड़ी की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

नवादा में आज से तीन दिवसीय सीतामढ़ी महोत्सव मेला शुरू हुआ। मेले का उद्घाटन जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – प्रदेश में माफिया राज की होगी समाप्ति। भ्रष्टाचार को लेकर जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस की नीति।

02. राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – कानून के राज से नहीं होगा कोई समझौता।

03. जदयू के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव आज सर्वसम्मति से विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी। अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आने की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।